卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण


♦वर्ष 23 ♦अंक 255 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦22 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## खाई में गिरी बोलेरो, नौ लोगों की मौत

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। पहाड़ों पर आये दिन हादसों की खबर सामने आ रही है। अब पिथौरागढ़ में यात्रियों से भरी बोलेरो कार 600 मीटर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार नौ लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का उपचार किया जा रहा है। रेस्क्यू अभियान में टीमों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बागेश्वर के सामा से पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी ब्लाक स्थित होकरा मंदिर जा रही एक बोलेरो सड़क से पलट कर रामगंगा नदी में जा गिरी। वाहन में सवार 11में से नौ लोगों की मौत हो गयी। जिनमें से नौ लोगों की मौत हो गयी जबकि दो घायल बताये जा रहे हैं। हादसे की सूचना यहां से गुजर रहे दूसरे वाहन चालकों ने दी। यहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों की सूचना पर नाचनी थाने से पुलिस, तेजम से राजस्व और आपदा राहत बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे।



घटनास्थल अति दुर्गम क्षेत्र में होने के कारण रेस्क्यू अभियान शुरू होने में काफी दिक्कतें आयी। पुलिस प्रशासन के साथ ही ग्रामीणा भी रेस्क्यू में जुटे रहे। कार करीब 600 मीटर से अधिक गहरी खाई से गिरते हुए नदी तक जा पहुंची थी। कई शव खाई के बीच नजर आ रहे थे। समाचार लिखे जाने तक नौ शव बरामद लिये गये थे। क्षेत्र के प्रधान हीरा सिंह मेहता के मुताबिक बीती रात्रि भारी वर्षा हुई थी जिसके चलते सड़क पर नाला बहने लगा और सड़क धंस गई। सड़क जानलेवा हो गई है। जहां सड़क धंसी है, उसी स्थान पर यह दुर्घटना हुई है। सभी ग्रामीण रेस्क्यू कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक हरीश धामी ने जिला अधिकारी सहित जिले के आला अधिकारियों से बात की। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल होकरा पहुंच कर रेस्क्यू तेज करने को कहा। उन्होंने दुर्घटना के संबंध में मुख्यमंत्री से भी बात की। वहीं पिथौरागढ़ में हुई दर्दनाक दुर्घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी शोक व्यक्त किया है। सीएम धामी ने ट्वीट पर ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की कामना की है।सीएम धामी ने ट्वीट में कहा कि बागेश्वर के शामा से पिथौरागढ़ के नाचनी की ओर आ रहे वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कई लोगों के हताहत होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य हेतु रेस्क्यू टीम रवाना कर दी गई है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की कामना करता हूँ।

## अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत, एक घायल

### अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा, एक ने लगाई फांसी

काशीपुर। अलग-अलग स्थानों पर घटित हादसों की चपेट में आकर तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पहली घटना के बारे में पता चला है कि मरियमपुर नंबर 1 बाजपुर निवासी विकास कुमार 28 वर्ष पुत्र चतर सिंह नैनीताल स्टेट हाईवे पर रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप फार्मट्रेक नामक ट्रैक्टर एजेंसी चलाता है। इसके अलावा आम के बाग का ठेका है। बताते हैं कि बुधवार शाम व्यापारी का शव उसी के बाग में आम के पेड़ से लटकता पाया गया। स्थानीय लोगों समेत परिजनों को जैसे ही इसका पता चला क्षेत्र में हड़कंप मच गया। रोते बिलखते परिजन तत्काल मौके पर पहुंच गए। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने घटनास्थल पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम हाउस भेज दिया। मृतक की साले राजा पुत्र राजेंद्र निवासी मरियमपुर नंबर 3 बाजपुर ने बताया कि घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है उधर दूसरी ओर इस मामले को लेकर क्षेत्र में दबी जवान तमाम तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत (शेष पृष्ठ सात पर)


मृतक विकास


मृतक तस्लीम

## लाखों की स्मैक सहित बरेली के दो तस्कर दबोचे

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। नशा मुक्त देवभूमि नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस कोबड़ी कामयाबी हासिल हुई है। कोतवाली पुलिस व एसओजी एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने बाईक से स्मैक तस्करी कर रहे बरेली के दो नशा तस्करों को पांच लाख से भी अधिक कीमत की स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसएसपी युवाओं एवं स्कूली छात्रों को नशे के जाल से बचाने हेतु जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी बिक्री करने वाले नशा तस्करों पर सतर्क दृष्टि रखकर कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु सख्त निर्देश दिये गयेहैं। सीओ विमल प्रसाद व सीओ ऑपरेशन ओशीन जोशीके पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अरुण कुमार के नेतृत्व में पुलिस व एसओजी एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा रात्रि' चेकिंग के दौरान सिकुड़ा बैण्ड एनटीडी तिराहे के पास मोटरसाईकिल संख्या यूपी 25 डी क्यू 2085 पर सवार दो 'संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता सुरेश पाल पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम गुडबारा थाना बहेड़ी बरेली तथा भूपेन्द्र कुमार पुत्र पूरन लाल, निवासी ग्राम कैथोला(शेष पृष्ठ 7 पर)




## शॉर्ट सर्किट से दो वाहनों में भड़की आग,बड़ा हादसा टला

काशीपुर(उद संवाददाता)। बड़े गुरुद्वारे के समीप मोहल्ला पक्काकोट में आधी रात के बाद अचानक दो गाड़ियों में आग लग गई। इस दौरान दमकल की गाड़ियां जब तक मौके पर पहुंचती एक गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। फायर कर्मियों के प्रयासों की वजह से अग्निकांड की बड़ी घटना को बढ़ने से रोक लिया गया। जानकारी के अनुसार टंडन टेंट हाउस वालों के दामाद बंगलौर से यहां आये हुए हैं। बुधवार राति लगभग 2.30 बजे वे हरिद्वार से घूमकर काशीपुर लौटे । वह गाड़ी खड़ी कर घर चले गये। इस दौरान पीछे से गाड़ी में शॉर्ट सर्किट हो गया जिससे गाड़ी में भयंकर आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसने पास में खड़ी संजीव सैनी की आई 10 को भी लपेटे में ले लिया जिससे जहां टंडन की गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई वहीं आई 10 भी आगे से बोनट, इंजन, डैशबोर्ड आदि पूरी तरह से जल गये। वहीं आग ने जहां ऊपर जा रहे बिजली के तारों को अपनी चपेट में ले लिया वहीं कुछ दूर खड़ी पंकज सैनी की कार को भी नुकसान पहुंचाया है। सूचना मिलने पर लीडिंग फायरमैन हंस दास के नेतृत्व में (शेष पृष्ठ सात पर)

## संघ के नेता नरेंद्र की भतीजी के विवाह समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित बुढ़िया कॉलोनी पहुंच राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र की भतीजी के विवाह समारोह में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व सीएम धामी का थाना पुलभट्टा क्षेत्र चौकी बरा में बनाये गए अस्थाई हेलीपैड पर जिला पुलिस और जिला प्रशासन ने स्वागत किया। गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे सीएम धामी अल्मोड़ा से बरा राजकीय इंटर कॉलेज स्थित हेलीपेड पहुंचे। वहां से उनके वाहन का काफिला लगभग बीस मिनट बाद बहेड़ी स्थित भुडिया कॉलोनी पहुंचे और सीएम धामी ने वहां पहुंच वधू यशोदा को आशीर्वाद दिया। भुडिया कॉलोनी स्थित आवास पहुंचने पर परिवार के लोगों ने उनका स्वागत किया। सीएम धामी ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर वैवाहिक समारोह में प्रतिभाग(शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में आत्म हत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बीती शाम एक और युवक ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्म हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय प्रेम बहादुर पुत्र टेक बहादुर चुकटी देवरिया लालपुर में किराये के मकान में रहता था। (शेष पृष्ठ सात पर)

## आगे बढ़ने लगा मानसून, आमजन की पेशानी पर चिंता की लकीरें

### नगर निगम की तैयारियां अपर्याप्त ,कब कमर कसेंगे जनप्रतिनिधि ?

■ अर्श

रूद्रपुर। कृषि प्रधान देश होने के कारण भारत में मानसून का आगमन सदैव ही सुखद एवं आल्हादकारी होता है ।देश के कई हिस्से में लोग मानसून के आगमन को बकायदा सेलिब्रेट करते हैं । वे समूह में एकत्रित हो नाचते गाते हैं और मानसून के आगमन पर बनाए गए स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेते हैं ,लेकिन उत्तराखंड की औद्योगिक राजधानी कहे जाने वाले रुद्रपुर शहर के अनेक इलाके ऐसे हैं जिनके रहवासियों लिए मानसून का आना किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं है और वे चाह कर भी मानसून का स्वागत पलक पावडे बिछा कर नहीं कर पाते। वजह उनके इलाके में बारिश के बाद होने वाला जलजमाव और उसके बाद पैदा होने वाली नित नई मुसीबतें। लिहाजा जैसे-जैसे मानसून उत्तराखंड के नजदीक आ रहा है वैसे- वैसे रुद्रपुर के जलजमाव प्रभावित क्षेत्रों के वाशिंदों की पेशानी पर चिंता की लकीरें गहराने लगी है। बता दें कि रुद्रपुर नगर निगम के अंतर्गत अनेक कालोनियां ऐसी हैं जहां के नागरिक मौजूदा नगर निगम परिषद के कार्यकाल का 4 वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद नाली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से आज तक वंचित(शेष पृष्ठ सात पर)



### इन इलाकों में होता है जलभराव

रूद्रपुर। गुरुनानक बालिका इंटर कॉलेज के सामने, घास मंडी, ट्रांजिट कैंप ,खेड़ा, रेशम बाड़ी ,मेन मार्केट तिराहा, गुरुद्वारा गोल मार्केट,शिव गार्डन कॉलोनी तीन पानी,जनपद रोड, इंदिरा कॉलोनी, भूत बंगला, जगतपुरा, प्रीत विहार कॉलोनी की टावर वाली कॉलोनी,गड्ढा कॉलोनी अंबिका विहार वार्ड नंबर 32 आदि। इनमें से कुछ क्षेत्रों का जलजमाव बारिश बंद होने के चार-पांच घंटे के अंतराल के बाद समाप्त हो जाता है और कुछ में 5-7 दिन तक जलभराव की स्थिति बनी रहती है और कई जगह तो यह स्थाई समस्या है। यहां पूरे साल समस्या से निजात नहीं मिलती।

### कब हरकत में आएंगे रुद्रपुर विधायक?



रूद्रपुर। पिछले दिनों जब रुद्रपुर भीषण बाढ़ से बुरी तरह भयाक्रांत हुआ था ।उन दिनों सोशल मीडिया पर रुद्रपुर विधायक की एक तस्वीर बहुत वायरल हुई थी, जिसमें वे कमर तक पानी में खड़े जनता से संवाद कर रहे थे। उस तस्वीर को देख कर एकबारगी तो ऐसा लगा था कि जमीन से जुड़ा हुआ एक (शेष पृष्ठ सात पर)

### नगर निगम अपना काम कर रहा है: मेयर



रूद्रपुर। नगर निगम सीमा के भीतर आने वाले सभी बड़े एवं गहरे ना लो की तल्ली झाड़ सफाई का कार्य चल रहा है। साथ ही सभी छोटी एवं सहायक नालियों की सफाई का कार्य भी प्रगति पर है। नगर निगम की एक टीम इस कार्य में दिन-रात जुटी हुई है ।एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जो नालियां टूटी फूटी है, जिनका पानी सड़क पर आता(शेष पृष्ठ सात पर)

# माँ वाराही धाम मानसखंड कॉरिडोर में शामिल : सीएम

## देवीधुरा में आयोजित पंच दिवसीय विश्व कल्याण महायज्ञ में पहुंचे सीएम धामी

चम्पावत (उद संवाददाता)। जनपद के मांवाराहीधाम देवीधुरा में आयोजित पंच दिवशीय विश्व कल्याण महायज्ञ में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंहधामी ने महायज्ञ में सामिल होकर माँ वाराही से जनपद, प्रदेश, देश व विश्व की खुशहाली,शांति व समृद्धि की मंगल कामना की तथा योग वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घ जीवन एवं उनका लंबे समय तक देश को मार्गदर्शन मिले इसकी भी कामना की। इस दौरान मां वाराही धाम समिति के सदस्यों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आयोजकों द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। संरक्षक मां बाराही धाम मंदिर समिति लक्ष्मण सिंह लमगढ़िया द्वारा मुख्यमंत्री तथा अन्य अतिथियों का स्वागत कर आयोजन हेतु सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याएं रखी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने इस मां वाराही मंदिर को मानसखंड कॉरिडोर में रखा गया है। जिससे क्षेत्र का विकास होगा। इस आयोजित विश्व कल्याण महायज्ञ के प्रणेता हीरा बल्लभ जोशी भारत सरकार में वर्तमान में तैनात वित्त नियंत्रक द्वारा सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए इस आयोजन के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया कि यह आयोजन क्षेत्र, जिला, प्रदेश,राष्ट्र एवं विश्व की सुख समृद्धि शांति के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा माँवाराही धाम की वेबसाईट को लांच किया गया व हीरा वल्लभ जोशी द्वारा लिखित श्री वाराही मंदिर देवीधुरा पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने सभी





को योग दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के एक दृढ़ संकल्प से प्रारंभ हुई यह यात्रा यहां तक पहुंची है। आज ही के दिन श्री मोदी जी द्वारा योग को पूरे विश्व स्तर पर पहचान दिलाई गई और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून 2015 को योग दिवस मनाने की घोषणा की आज के दिन को पूरे विश्व के 175 देश अंतरराष्ट्रीययोगदिवस के रूप में मना रहे हैं योग किसी एक का नहीं है, यह सभी का योग है। श्री धामी ने कहा कि हमारी गौरवशाली सनातन संस्कृति का मूल आधार वसुदेव कुटुंबकम है। जो संपूर्ण विश्व को एक परिवार का रूप मानता है। इसी सिद्धांत को केंद्र में रखते हुए इस वर्ष से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम वसुध ैव कुटुंबकम के लिए योग की गई है। योग आज पूरी दुनिया के करोड़ों लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। जो विश्व को भारतीय संस्कृति के साथ और अधिक प्रगाढ़ता से जोड़ने का काम कर रहा है। विश्व के लगभग सभी देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं तथा चित्त वृत्ति निरोग योग के माध्यम से जीवन में जो कमी है उसे दूर करते हुए संपूर्णता की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दौड़ भाग की जिंदगी में चुनौती के साथ तनाव भी है तथा इस तनाव को दूर करने व बड़ी से बड़ी बीमारियों को समाप्त करने का कार्य योग करता हैं। साथ ही बीमारियों से बचाने के साथ साथ बीमारियों में लगने वाली एक बड़ी धनराशि को भी बचाता हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद अजय टम्टा द्वारा अपने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन पूरे विश्व में योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह माननीय प्रधानमंत्री जी की पहल पर ही हुआ है उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है। उनके द्वारा युवाओं के सुनहरे भविष्य को देखते हुए नकल विरोधी कानून लाया गया है। मानसखंड की श्रंखला बनकर कुमाऊं के सभी धामों को राष्ट्रीय एवं विश्व स्तर पर लाने हेतु मुख्यमंत्री जी द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा जनपद के विकास के लिए अनेक घोषणाएं भी की जिसमें अंतरजनपदीय मोटर मार्ग जनपद चंपावत के वल्का- सिलयोड़ीगूठ मोटर मार्ग से ग्राम चौड़ागूठ के तोक अल्यूरा होते हुए जनपद अल्मोड़ा के तोक कनोली व सिरकोट से होते हुए जैती- भनोली मोटर मार्ग तक प्रस्तावित अल्यूरा जमाड़ सड़क का निर्माण, राजकीय आदर्श महाविद्यालय देवीधुरा में एम0ए की कक्षाओं का संचालन स्नातक स्तर पर भूगोल, इतिहास, शिक्षा शास्त्र विषयों की बढ़ोतरी महाविद्यालय को जोड़ने वाली सड़क का डामरीकरण पखोटी बैंड से पखोटी बैरख 5 कि0मी0 कच्चे मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण, केदारनाथ गैस गोदाम से भैसर्ख तक 2.5 किलोमीटर कच्चे मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण, च्युरानी- जमरेड़ी मोटर मार्ग की मरम्मत एवं डामरीकरण किया जाएगा, लोहाघाट डाइट में डीएलएड का प्रशिक्षण शुरू कराया जाएगा, जिसके लिए बच्चों को अब डीडीहाट नहीं जाना पड़ेगा लोहाघाट डाईट में ही प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा देवीधुरा स्थित चिकित्सालय के उच्चीकरण की औपचारिकताएं पूरी की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा,भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, विधायक प्रतिनिधि चंपावत प्रकाश तिवारी, ब्लाक प्रमुख पाटी सुमनलता, बाराकोट विनीता फर्त्याल, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य भाजपा सतीश पांडेय, माँ वाराही धाम के चारों खामो के प्रमुख, जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी आरएस रावत, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, एडवोकेट चेतन भैया,मुकेश कलखुड़िया,मोहित पाठक गोविन्द सामंत,गौरव पांडेय,विभिन्न जनप्रतिनिधि,मंदिर समिति के सदस्य, गणमान्य नागरिक व अन्य मौजूद रहे।

## श्री गुरु नानक एकेडमी नानकमत्ता साहिब में मलखंब खेल का अभ्यास हुआ प्रारंभ

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक एकेडमी विद्यालय में मलखंब एसोसिएशन उत्तराखंड के तत्वाधान में कुमाऊं क्षेत्र का मलखंब अभ्यास वर्ग प्रारंभ किया गया जिसमें नेशनल एवं खेलो इंडिया के कार्यक्रम में जाने वाले खिलाड़ियों का अभ्यास एवं चयन होना है साथ ही 23 जून को होने वाले ओलंपिक एसोसिएशन स्थापना दिवस पर सभी खिलाड़ी टनकपुर स्टेडियम में शामिल होंगे। मलखंब एक प्राचीन खेल है जिसे भारत सरकार ने राष्ट्रीय खेल का दर्जा देकर और उसे खेलो इंडिया कार्यक्रमों में शामिल कर उसकी महत्ता को बढ़ाया है। साथ ही उत्तराखंड सरकार ने भी इसको खेल नीति में शामिल करके मलखंब खेल को बढ़ावा दिया है। उत्तराखंड सरकार ने पहली बार खेल महाकुंभ में सभी जिलों से खिलाड़ियों को राज्य लेवल में प्रतियोगिता हेतु बुलाया। आने वाले राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों के चयन हेतु 21 जून से 25 जून तक श्री गुरुनानक एकेडमी



विद्यालय में मलखंब खेल का अभ्यास किया जाएगा। मलखंब कार्यक्रम का उद्घाटन उमेश अग्रवाल जी (सामाजिक कार्यकर्ता), पवन बिंद ( खंड कार्यवाह), स्कूल की उप प्रबंधि का वायला रैना, प्रधानाचार्य मीनाक्षी प्रभाकर विद्यालय के प्रशासक सुखवंत सिंह एवं मलखंब एसोसिएशन उत्तराखंड के सचिव रमेश ओली मलखंभ एसोसिएशन उधम सिंह नगर के सचिव विनोद जोशी आदि लोगों ने मलखंब पूजन करके प्रारंभ किया। कार्यक्रम में नैनीताल, उधम सिंह नगर, चंपावत व अल्मोड़ा के 50 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम में फकीर सिंगर राना जी शारीरिक शिक्षक नानकमत्ता, वीरेंद्र जी, हर्षित ,रोहित चंद ,माया ,राखी, प्रवीण, नरेश, सुमित, सुहासिनी, मोहित, अलीशा ,खुशविंदर कौर,संदीप सिंह, करन सिंह आदि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

## विधायक पांडे ने किया जनसंपर्क

गदरपुर (उद संवाददाता)।क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने महा जनसम्पर्क अभियान के तहत जनता से मुलाकात में अब तेजी शुरू कर दी है। जैसे जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे जनसम्पर्क तेजी पकड़ने लगा है।इसी क्रम में अनाजमंडी के मंडी समिति परिसर में युवा मोर्चा अध्यक्ष मुनि भुसरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने उपस्थित गणमान्य आढ़ती व्यवसायी व राइस मिलर्स व्यवसायियों के साथ बैठकर लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की ।साथ ही सेवा सुशासन व गरीब कल्याण को लेकर केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष की उपलब्धि बताते हुए भाजपा को मजबूत बनाने की मांग की। उन्होंने कहा विगत 9 वर्षों में अयोध्या राम मंदिर,सोमनाथ व केदारनाथ मंदिर का जीणोद्धार, राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में गति, पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान, असम राज्य में सबसे लंबा बोगीबील ब्रिज, 2000 मेगा



वाट की जल विद्युत परियोजना का निर्माण, देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 74 से 148 पहुंच चुकी हैं। अरविंद पांडे ने बताया कि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 03 करोड़ गरीब परिवारों को पक्का मकान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस के लिए नौकरी और शैक्षिक संस्थानों में 10% आरक्षण सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री स्वर्ण निधि योजना के तहत 34 लाख रेहड़ी पटरी वालों को ऋण का वितरण करने के अलावा सैकड़ों ऐसी योजनाएं है जिनपर लगातार मोदी सरकार कार्य कर रही है।। इस दौरान विनोद भुसरी, अशोक हुड़िया, सुभाष गुंबर, अनिल भुसरी, सतीश घीक, अनिल नारंग, अजय खेड़ा, राकेश भुड्डी, राजेश गुंबर, दीपक बेहड़, संदीप चावला, कृष्ण लाल सुध ा, पंकज सेतिया, राजेश अग्रवाल, डिंपल आहूजा, गौरव भुड्डी, संजय खेड़ा, संजीव अनेजा, चंकित हुड़िया, संतोष गुप्ता, प्रवीण गलहोत्रा, अनिल नारंग, सुभाष खुराना, के अलावा मंडी सचिव योगेश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बहुमंजिला इमारत पर टावर लगाने से रोकने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र निषाद मोनू के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल ने उप जिलाधि कारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें ट्रांजिट कैंप की कृष्णा कालोनी में



एक बहुमंजिला भवन पर मानकों के विपरीत लगाए जा रहे मोबाइल टावर को रोकने की मांग की गई। श्री निषाद ने बताया कि कृष्णा कालौनी वार्ड नं0-2 ट्राजिट कैम्प में सतेन्द्र राजपूत उर्फ सुमित पुत्र रामपाल का चार मंजिला मकान निर्मित है। जिसमें बुनियाद से लेकर चौथी मंजिल तक कोई बीम, कालम आदि नहीं डाले गये है। जिस कारण मकान अत्यधिक कमजोर है जो कि कभी भी भूकम्प, तेज हवाओ, आँधी तूफान में धाराशायी हो सकता है। उन्होंने कहा अब उक्त भवन स्वामी आर्थिक लाभ लेने के लिए उक्त मकान की चौथी मंजिल पर एयरटेल कम्पनी का मोबाइल टावर स्थापित करवा रहा है। जिसके स्थापना को लेकर पूर्व में उक्त भवन स्वामी से टावर लगाने का प्रयास किया था। जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी एवं जिलाधि कारी द्वारा टावर लगाने पर रोक लगा दी गयी थी। परन्तु अब उक्त भवन स्वामी पुनः चौथी मंजिल पर मोबाइल का टावर लगवा रहा है। यदि यह टावर लग गया तो कभी भी धाराशायी होकर जान माल का नुकसान हो सकता है। टावर की किरणों से बुजुर्ग, बीमार, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर विरीत प्रभाव पड़ेगा। बच्चो की शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। अतः उक्त टावर के निर्माण पर रोक लगाया जाना आवश्यक है। जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में दिलीप अधिकारी, विपिन रस्तोगी, गोबिंद, अरुण, शानू, सौरभ, देव, वासुदेव, संदीप, विधान, अनिरूद्ध, विजय, ऋषिपाल व सुदामा आदि शामिल थे।

## देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल हल्द्वानी महानगर की कार्यकारणी घोषित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल महानगर हल्द्वानी कार्यकारणी की विधिवत घोषणा की गई। प्रदेश कार्यालय मे आयोजित बैठक मे प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश महामंत्री राज कुमार केसरवानी ने महानगर इकाई की विधिवत घोषणा करते हुए नए पदाधिकारियों का




माला पहना कर स्वागत किया। ईकाई मे कार्यकारी अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र उपाध्याय, मनोज गुप्ता, कार्तिक दास, सचिव भुवन चंद्र दानी, सचिन जोशी, संयुक्त सचिव राजेश वर्मा, अमित बुधलाकोटी, संगठन मंत्री अंकित गुप्ता, नरेश कुमार दानी, जीएसटी सलाहकार पवन गुप्ता, चिकित्सा सलाहकार डॉक्टर राजीव गुप्ता, मीडिया प्रभारी नासिर हुसैन सिद्दकी, प्रचार मंत्री आफताब आलम , रितेश जोशी, कार्यकारिणी सदस्य हरीश चंद्र पांडे, युवा महानगर अध्यक्ष पवनित नागपाल, मंडल महामंत्री युवा भूपेश बिष्ट, युवा महामंत्री जतिन अग्रवाल शामिल है।महानगर अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने नई कार्यकारणी का स्वागत करते हुए आशा की है नई कार्यकारणी महानगर की ज्वलंत मुद्दों को लेकर काम करेगी। बैठक का संचालन युवा मंडल अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने किया। बैठक मे रवि गुप्ता, दीपक रौतेला, संतोष गौड़, रितेश मिधानी, पृथ्वीराज कुंवर, रजत पंत आदि मौजूद थे।

# जनसुनवाई में पेयजल, सड़क, विद्युत,ड्रेनेज सिस्टम पेंशन, आर्थिक सहायता के 47 शिकायतें व समस्याएं दर्ज

## डीएम ने जनसुनवाई में समस्याओं एवं शिकायतों को किया निस्तारित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में बुधवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जनसुनवाई आयोजित हुई। डीएम ने आम जनमानस की समस्याओं एव शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को गम्भीरता से लेते हुए तय समय के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, सड़क, विद्युत ड्रेनेज सिस्टम, पेंशन, आर्थिक सहायता के मामले के साथ ही लगभग 47 शिकायतें व समस्याएं दर्ज हुई। डीएम ने जनसुनवाई के दौरान अधिकतर समस्याओं एवं शिकायतों को निस्तारित करते हुए शेष समस्याओं व शिकायतों को दूरभाष के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारियो को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान एवं निस्तारित करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये। जनसुनवाई में पूरन चन्द्र बृजवासी निवासी भीमताल ने बताया कि भीमताल में जगह-जगह गन्दगी, मलुवा से वार्डवासी परेशान है। उन्होंने बताया कि मेहरागांव, खुटानी, से लेकर नौकुचियाताल, चनौती,पाण्डेगांव आईटीटीआई मार्ग पर आपदा भूस्खलन मानसून सत्र में होता है, नालों की सफाई व ड्रेनेज सिस्टम भी नही है। जिलाधिकारी ने सिचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को नालों की सफाई के साथ ही शहर में ड्रेनेज सिस्टम मानसून से पूर्व सुव्यवस्थित करने तथा लोनिवि को सड़क के आसपास



झाड़ियां कटान करने के निर्देश जनसुनवाई में दिये। चकलुवा के ग्राम सुरपुर के निवासियों ने बताया कि उनके गांव में एथनॉल आधारित प्लांट स्थापित है जो कि मानकों के अनुरूप नहीं है जिसकी जांच के सम्बंध में जिलाधिकारी ने सचिव जिला विकास प्राधिकरण को जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्लांट स्थापित है या नहीं, इसकी विस्तृत जांच आख्या उपलब्ध कराई जाए। ग्राम प्रधान कोटाबाग निर्मला काण्डपाल ने बताया कि ग्राम खेमपुर ब्लाक कोटाबाग में पंचायत घर निर्माण हेतु भूमि दानदाता गोविन्द सिंह द्वारा दी गई है। प्रधान ने इस भूमि को पंचायतघर के नाम दर्ज कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कालाढूगी को जांच कर भूमि के नाम दर्ज कराने के निर्देश दिये। नारायणनगर राधा कृष्ण कॉलौनी, विकास नगर पश्चिम एवं तिलकनगर निवासियों ने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में लगभग 20 हजार की जनसंख्या निवास करती है इस क्षेत्र में विगत 10 वर्षो से पेयजल की समस्या बनी हुई है लोगों को टैंकरों के द्वारा पानी की आपूर्ति की जा रही है, विधायक निधि के द्वारा ट्यूबवैल स्वीकृत है लेकिन भूमि न होने के कारण ट्यूबवैल नहीं बन पा रहा है। उनके द्वारा बताया गया कि नारायण नगर इन्टर कालेज के पीछे वर्ग-4 भूमि को ट्यूबवैल हेतु आवंटित करने का अनुरोध किया। जिस पर डीएम ने उपजिलाधिकारी को जांच क आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। भीमताल निवासी भास्कर बृजवासी ने बताया कि पांडेय गांव में 13 नाली जमीन का वारिसान न होने पर भी मजदूरों के नाम दर्ज की गई थी जो कि वर्तमान में रद्द् कर दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जायगी। जनसुनवाई में जिलाधिकारी द्वारा अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# एनडीआरएफ की टीम मानसून तैनाती के लिए पिथौरागढ़ रवाना

गदरपुर(उद संवाददाता)। शासन एवं प्रशासन के निर्देशानुसार मानसून के दौरान आपदा की स्थित को देखते हुए गदरपुर चीनी मिल स्थित 15 वीं वाहिनी, एन.डी. आर.एफ. की एक टीम जिला पिथौरागढ़ के लिए रवाना की गयी है। सुदेश कुमार, सेनानी, 15वीं वाहिनी ने बताया की आपदा की स्थिती में आपदा से जल्द से जल्द निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीमों को संवेदनशील स्थानों पिथौरागढ 1 सब-टीम धारचूला पर आपदा प्रबंधन के साजो- सामान के साथ तैनात किया गया हैं। सेनानी, 15वीं वाहिनी के मार्ग दर्शन में टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



गया। सेनानी सुदेश कुमार द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन के साथ आने वाले मानसून में आपदाओं से निपटने के लिए समन्वय स्थापित किया गया है। वह यह टीम मानसून के दौरान आपदा (प्राकृतिक एवं मानवजनित) होने की स्थिति में राहत व बचाव कार्य में सहमागिता प्रदान करेगी। साथ ही स्थानीय जनता को आपदा में बचाव के तरीकों के बारे में जागरुक करेगी। चारघाम यात्रा मार्गों पर उत्तरकाशी, जोशीमठ, गौरीकुंड तथा श्री केदारनाथ जी घाम में अप्रैल से ही टीमों की तैनाती की जा चुकी है। अब आने वाले मानसून को देखते हुए पिथौरागढ़, घारचूला, नैनीताल तथा कपकोट में टीमों की तैनाती की जा रही है, ताकि कम से कम समय में निस्पादन कर पीड़ितों को सुरक्षित किया जा सकें। इस दौरान वाहिनी के अनिल कुमार, द्वितीय कमान, रवि शंकर बधानी उप सेनानी एवं श्री अजय पन्त सहायक सेनानी भी उपस्थित रहे।

# वाल्मीकि समाज ने मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर गांधी कालोनी में आयोजित श्री बालाजी जागरण में प्रतिभाग करने पहुंची उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का बाल्मीकि मंदिर परिसर में वाल्मीकि समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। बाल्मीकि समाज ने शर्मा दमपत्ति को पगड़ी पहनाई और फूल मालाएं पहनाई। उल्लेखनीय है कि बाल्मीकि



समाज की तरफ से हर वर्ष श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में आयोजित होने वाले श्री बालाजी जागरण में आने वाले सभी श्रद्धालुओं का बाल्मीकि मंदिर के सामने भव्य स्वागत किया जाता है। वही वाल्मीकि समाज के लोग जागरण में आने वाले श्रद्धालुओं को पानी और प्रसाद की भी व्यवस्था करते हैं। इधर श्रीमती शर्मा ने बाल्मीकि समाज के द्वारा लगातार किए जाने वाले धार्मिक और सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और कहा की बाल्मीकि समाज हमेशा सामाजिक कार्यों में बड़ चढ़ कर सहयोग करता रहा है। इस अवसर पर मुकेश राजोरिया, बंटी राजोरिया, प्रमोद, कैलाश, राहुल, प्रेमपाल, अमित, अरविंद सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# जयंती पर चन्द्रदेव महाराज को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चन्द्रा व भुर्जी समाज के अग्रज महापुरुष चंद्र देव महाराज की जयंती पर सैकड़ों नागरिकों ने उनकी किच्छा रोड पर स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण किया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में समाज के गणमान्य नागरिकों ने महाराज चंद्र देव जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा मूर्ति स्थल पर किए गए निर्माण कार्यों को आज जनता



को समर्पित किया। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल, नरेश चंद्रा, रामप्रसाद चंद्रा, सोमपाल चंद्रा, सत्यपाल चंद्रा, धर्मपाल चंद्रा, गेदनलाल चंद्रा, होरीलाल चंद्रा, रतन चंद्रा, अमरपाल चंद्रा, राजेश चंद्रा, चंद्रभान चंद्रा, पूरनलाल चंद्रा, भूरा चंद्रा, जितेंद्र चंद्रा, रोशनलाल चंद्रा, मुकेश चंद्रा, कल्याण सिंह, जुगल बल्लभ गोस्वामी, रामस्वरूप चंद्रा, राकेश चंद्रा, रितेश चंद्रा, गगन ग्रोवर, अंकित बठला,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# आरएएन स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस और नीट परीक्षा में लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता को साबित करते हुए जेईई एडवांस 2023 तथा नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जेईई एडवांस की परीक्षा में रिषित सैनी ने एआईआर 1528 प्राप्त कर आईआईटी में स्थान हासिल किया। अंश अग्रवाल ने एआईआर 10030 प्राप्त करते हुए अपने विद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिए। इनके अतिरिक्त ईशान गुप्ता ने भी जेईई एडवांस की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी प्रकार नीट 2023 की परीक्षा में भी विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। आयुष मक्कड़ ने 655/720 अंक अर्जित कर राजकीय मेडिकल कालेज



में अपनी सीट पक्की की तो वही इशिता रानी, यश त्रिपाठी, देवांशी सिंह, हर्षिता कांडपाल, विशाल जोशी, तरनप्रीत कौर, सुमनदीप कौर और अभिनव अग्रवाल ने भी नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया। इनकी सफलता के लिए विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच० के० राय०, प्रबंधक मोहित राय तथा प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट ने उनके माता-पिता को बधाई देते हुए इन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भटकते मिले झारखंड के किशोर को पिता से मिलवाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं सेवा समिति चाइल्डलाइन उधम सिंह नगर द्वारा बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार 12 वर्ष के बालक रोहन को जो झारखंड से भटककर यहां पहुंच गया था परिजनों से मिलवाया गया। गत 19 जून को दिनेशपुर बाजार में घूमते हुए मिले बालक को दिनेशपुर पुलिस द्वारा बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। समिति द्वारा बालक की काउन्सलिंग कर समिति सदस्य पुष्पा पानू व विवेक तागरा के आदेशानुसार चाइल्ड लाइन में आश्रय दिया गया। चाइल्ड लाइन टीम द्वारा बालक से



बात करने पर उसने बताया कि बहन से झगड़ा होने के बाद वह नाराज हो कर घर से भाग आया। चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो द्वारा बालक द्वारा बताए गए पता ग्राम महाराजपुर थाना तेलझाड़ी जिला शाहेबगंज झारखंड के वार्ड मेंबर व परिजनों से लगातार फोन के माध्यम से संपर्क किया गया। साथ ही बालक का पूर्ण ध्यान रखा गया। 21 जून चाइल्ड लाइन टीम के द्वारा बालक व उसके पिता को समिति के समक्ष पेश किया गया । जहां समिति सदस्यो पुष्पा पानू, हरनीत कौर व विवेक तागरा द्वारा बालक व उसके पिता की काउंसलिंग कर बालक के पिता से बालक का ध्यान रखने व स्कूल भेजने को कहा गया। साथ ही समस्त दस्तावेजों का सत्यापन कर बालक को पिता के सुपुर्द किया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति सदस्य पुष्पा पानू , हरनीत कौर, विवेक तागरा , चाइल्ड लाइन केंद्र समन्वयक शायरा बानो, टीम मेम्बर नंदिनी वर्मा, अंशुल कपूर, व अभिमन्यु राजभर आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार प्रेस परिषद ने मनाया योग दिवस

लालकुआं(उद संवाददाता)। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर पत्रकार प्रेस परिषद के जिला अध्यक्ष नैनीताल उर्वा दत्त भट्ट के नेतृत्व में बमेठा बंगर खीमा हर्ष बिहार शिव प्रांगण में प्रात: 5 बजे से योग शिविर का आयोजन किया गया ।कॉलोनी के तमाम लोग इस योग महोत्सव में सम्मिलित हुए। गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय पंतनगर से सेवानिवृत्त योगाचार्य ख्याली राम पंत द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। महोत्सव में पत्रकार प्रेस परिषद के कुमाऊं प्रभारी अशोक गुलाटी, मीडिया प्रभारी दीपक सिंह बिष्ट, पत्रकार रमेश जोशी, रेबाधर भट्ट्ट, बिशन दत्त मिश्रा, संजय मिश्रा, देवेंद्र बमेठा, कमल सुनाल, प्रकाश भट्ट, राजेंद्र नेगी, शिवा कन्याल , हिमांशु भट्ट, भूतपूर्व सैनिक किशन सिंह कन्याल, पितांबर दत्त कोठारी , मोहन चंद , मंदिर के पुजारी हरीश,शेर सिंह बिष्ट, शंकर लोहनी आदि ने योग दिवस मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



# गुरूनानक डिग्री कॉलेज में मनाया योग दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज के प्रांगण में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया । इस अवसर पर संस्थान के सहायक प्रवक्ताओं, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के योगासन किये गये। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या डॉ0 भावना कपूर ने सभी को योग को अपने जीवन में शामिल करने की सलाह दी एवं कहा कि योग के द्वारा स्वस्थ दिमाग, स्वस्थ मस्तिष्क एवं स्वस्थ मन रहता है जिससे व्यक्ति की दिनचर्या बिना किसी बाधा के सम्पन्न होती है । इस अवसर पर बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 नीरज कुमार जायसवाल ने कहा कि योग के निरंतर अभ्यास द्वारा शारीरिक, मानसिक, अध्यात्मिक उन्नति की जा सकती है। इस अवसर पर स0प्र0 डॉ0 रजनी छिम्वाल, स0प्र0 डा0 परविन्दर कौर, स0प्र0 डॉ0 नवनीत कौर, स0प्र0 डॉ0 नाजिया बानो, स0प्र0 डॉ0 अखिलेश सिंह, स0प्र0 आनन्द राम, स0प्र0 संजय, स0प्र0 संदीप त्रिपाठी, स0प्र0 कु0 आंचल जुनेजा, स0प्र0 रवि कुमार, श्रीमती एकता, अखिलेश खरे, अखिलेश कुमार, राधेश्याम, दुर्गेश कुमार, परमानन्द, श्रीमती कल्पना एवं काफी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे ।

**तुम जियो हजारों साल**



विराज अरोरा को जन्म दिन पर समस्त परिवार जनों एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

# स्वस्थ रहने के लिए जीवनशैली में योग को शामिल करें: मिश्रा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में 9वां अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जनपद स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन सिटी क्लब रूद्रपुर में किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेयर रामपाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी ने सिटी क्लब में आयोजित योग कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ किया। सभी ने 9वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी डीएम विशाल मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ व निरोग रहने के लिए अपनी जीवनशैली में योग को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर लचीला व मजबूत बनता है और रोग प्रतिरोधन क्षमता बढ़ने के साथ ही शारीरिक, मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि योग तनाव को दूर रखने व रक्त-सचांर को सही रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए सभी व्यक्तियों विशेषकर युवा पीढ़ी को अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। योग के माध्यम से शरीर को अनेक लाभ मिलते है। कहा कि दैनिक जीवन में योग को महत्व देने से जीवन अनुशासित रहने के साथ-साथ मन शांत रहता है। नोडल अधिकारी एवं जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एसके सोनी ने बताया कि इस बार इस बार 9वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' थीम पर मनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रम में लोगों द्वारा योगाभ्यास किया गया। सिटी क्लब में योग प्रशिक्षकों तरूण सिंह बगड़वाल, शीनम ठुकराल, अनुष्का ठुकराल, मनस्वी रायपा, दिव्या शर्मा द्वारा विभिन्न योग आसन कराए गए।योग कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, एसपी मनोज कत्याल, चन्द्रशेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी आदि शामिल थे।






## किराये हेतु गोदाम

नवीन सब्जी मण्डी के सामने, किच्छा रोड बगवाड़ा, रुद्रपुर में 55000 Sq. Ft का गोदाम किराये हेतु खाली है।



सम्पर्क करें - मो.9837146811


# संत निरंकारी मिशन ने मनाया अन्तराष्ट्रीय योग दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत वन वर्ल्ड वन हेल्थ विषय पर संत निरंकारी मिशन ब्रांच हल्द्वानी एवं आयुष योग और आयुर्वेद विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' योगाचार्य पाला मेहता के निर्देशन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कालाढूंगी के विधायक वंशीधर भगत ने दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम की शुरुआत की । इसमें करीब 130 संत निरंकारी सेवादल, एस एन सी एफ के सेवादारों व करीब 125 अन्य लोगों ने भाग लिया। वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउन्डेशन द्वारा 'योग दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा इस वर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का विषय -वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत 'वन वर्ल्ड, वन हेल्थ' रखा गया है। योग भारत की प्राचीन परंपरा की एक अमूल्य देन है। यह व्यायाम का एक ऐसा प्रभावशाली रूप है जिसके माध्यम से ना केवल शरीर के अंगों अपितु मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने भी अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन' अपनाने का दिव्य मार्गदर्शन देते हुए यही समझाया कि हमें अपने शरीर को निरंकार प्रभु की अमोलक देन समझते हुए उसे स्वस्थ एवं सेहतमंद बनाए रखना है। इस मौके पर रेनू अधिकारी, महेश शर्मा आदि मौजूद थे।



# जिला जजी परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर द्वारा जिला जजी परिसर रूद्रपुर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अधिकारीगण अधिवक्तागण न्यायालय कर्मचारीगण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण पैनल अधिवक्तागण पराविधिक कार्यकर्तागण आदि द्वारा प्रतिभाग कर योग किया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा समस्त उपस्थित व्यक्तियों को योग करवाया गया। मुख्यालय के अतिरिक्त समस्त दीवानी न्यायालयों कमश काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर: सितारगंज, किच्छा में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मचारीगण पैनल अधिवक्तागण पराविधिक कार्यकर्तागण आदि द्वारा प्रतिभाग कर योग किया गया। योग कार्यक्रम के पश्चात् सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन कुमार पाठक द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुये स्वस्थ्य मन एवं मानव शरीर के विकास में योग की उपयोगिता के संबंध में जानकारी देकर, योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



# योग को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाए : चुघ


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रा मानव शिक्षा कल्याण समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारी संख्या में लोगों को योग के कई आसनों का अभ्यास करा कर उनके लाभों से भी अवगत कराया। योगाचार्य विजय कुमार ने कहा कि सभी को प्रतिदिन कुछ देर योग अवश्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाज सेवी भारत भूषण चुघ ने कहा कि आज योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने की आवश्यकता है। नियमित योगासन करने से मनुष्य निरोग तो रहता ही है साथ ही उसका शारीरिक , मानसिक व बौद्धिक विकास भी बेहतर ढंग से होता है। उन्होंने कहा आज विश्व के तमाम देशों के लोग भी योग के महत्व को समझने लगे हैं। श्री चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से आज विश्व के अधिकांश देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष रजनीश गोयल, सचिव विजय शिकारी, राकेश वर्मा, गौतम बहादुर थापा,मैरी थापा, कृष्णा कुमार, करुणा मंडल, रवि कुमार, योगेश सागर, मनोज कुमार, मनोज मंडल सहित भारी संख्या में महिला पुरुष तथा बच्चे मौजूद थे। योग करने के दौरान सभी काफी उत्साहित दिखाई दिए। अंत में सभी को अल्पाहार वितरित किया गया।



# अमेनिटी में योग प्रशिक्षिका ममता बिष्ट ने कराए योगासन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अमेनिटी स्कूल के प्रांगण में अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा क्लब कोलडिया बागवाला द्वारा पंतजलि योगपीठ के तत्वाधान में प्रशिक्षिका कुछ ममता बिष्ट द्वारा उपस्थित जनसमूह को योग कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के दीप प्रज्वलन और पूजा अर्चना के साथ हुई। मुख्य अथिति अमित नारंग जिला महामंत्री भाजपा, विशिष्ट अतिथि एमिनिटी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती इंद्रा त्रिपाठी, यूनिटी ला कालेज के प्राचार्य डा. कुंदन सिंह राठौर, डा० अभिषेक गुप्ता, डा० सुदर्शन सदस्य जिला पंचायत के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डीके गुप्ता ने अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। योग क्लब वागवाला के प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ दयानंद गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्रों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक रूप से आसन तथा योगाभ्यास किया और जीवन में शारीरिक और मानसिक कल्याण हेतु संक्षिप्त महत्व के बारे में भी बताया गया। योग के माध्यम से आज की भाग-दौड़ की जिन्दगी को कैसे सुगम बनाया जाय तथा अच्छा और स्वस्थ जीवन जिया जाए। छात्रों के द्वारा इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा कविता गायन तथा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने कहा कि इस दिन हम सभी योग के अभ्यास को अपने जीवन में अपनाऐं तथा इसके गहन लाभों का पता लगाएं और दूसरों को आत्म- खोज और कल्याग हेतु जीवन की नई यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करें तभी योग दिवस मनाना सार्थक होगा। इस अवसर पर योगा क्लब के सदस्य आलोक वर्मा, फूल मोहम्मद, संजय, हेम सिंह, ग्राम प्रधान बागवाला, बिजेंद्र चौधरी, अनिल, सामिया लेक सिटी की श्रीमती ममता पांडे, बबली, स्वाति, अनु तिवारी, पूनम शर्मा, सुषमा, सुभागिनी राठौर, स्नेहा, उर्मिला सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।





# योग दिवस पर पुलिस कर्मियों ने स्वस्थ जीवन शैली के सीखे गुर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक भूपेन्द्र सिंह धोनी के पर्यवेक्षण में पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि एवं उनके बेहतर स्वास्थ्य के दृष्टिगत कोतवाली सभागार में प्रजापिता ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अनुभवी प्रशिक्षकों के माध्यम से योग शिविर का आयोजन किया गया। प्रजापिता ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा के मुख्य संचालिका बीके वीना, योग प्रशिक्षिका माया बिष्ट द्वारा योगाभ्यास तथा ब्रम्हा कुमारी नीलम दीदी द्वारा राजयोग का प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस अधिकारी कर्मगणों को विभिन्न प्रकार के आसनों ताड़ासन, चक्रासन सहित अन्य योग क्रियाएं सिखाने के साथ ही अनुलोम - विलोम प्राणायाम, सूर्यभेदन प्राणायामों का अभ्यास कराया गया। मानसिक तनाव को दूर एवं योग को जीवन का हिस्सा बनाने एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।प्रशिक्षकों ने कहा कि पुलिस विभाग की भाग-दौड़ एवं चुनौतीपूर्ण ड्यूटी है जो हमेशा समाज की सेवा के लिए हर परिस्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए पुलिस का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। हम अपने जीवन में योग को अपनाकर स्वस्थ शरीर एवं तनावमुक्त जीवन प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, रमेश कम्बोज प्रभारी डे हवालात सहित अन्य थानों, शाखाओं के अधिकरी कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# जनपद में धूमधाम से मनाया विश्व योग दिवस

नैनीताल(उद संवाददाता)। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपद में 'हर घर आंगन योग थीम' पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर को 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की दिवस शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सभी के लिए सौभाग्य का दिन है कि मा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आज पूरा विश्व योगमयी हुआ है तथा पूरे जनपद में योग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की है कि स्वस्थ जीवन के व्यायाम नहीं है, बल्कि एक समग्र अभ्यास है। इसकी मदद से हम मन और आत्मा को शांति की ओर ले जा सकते हैं। योग आंतरिक शांति और व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रदान करता है। प्राचीन भारत में ऋषि-मुनि भी खुद को फीट रखने के लिए योग का सहारा लेते थे। जनपद के 13 आयुष हेल्थ एवं वेलनेस



जनपद के स्थानीय डीएसए मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती बेला तोलिया व विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीमती सरिता आर्या, आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ज्योत्स्ना कुनियाल के साथ गौरव, निधि, दीपक प्रशिक्षकों द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने सभी लिए सभी को योग करना जरूरी है तभी हम विकास के पथ पर अग्रसर होंगे। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या ने कहा कि योग शरीर व मस्तिस्क दोनो को स्वस्थ रखता है, वहीं योग भारत की सभ्यता और संस्कृति की पहचान भी है। योग एक शारीरिक, मानस्कि और आध्यात्मिक अभ्यास है। सभी को योग अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए अपने आस आस-पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कहा की योग, प्राचीन भारत से उत्पन्न केवल एक शारीरिक केंद्रों में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 9वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के ग्राम पंचायतों में भी हर घर आंगन योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट, अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी, प्रभारी जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ प्रदीप सिंह मेहरा, आनंद बिष्ट, दयाकिशन पोखरिया, मोहित लाल साह, अरविंद पडियार, स्कूल के छात्र एवं छात्राएं, जनप्रतिनिधि, अधिकारी/ कर्मचारी के साथ आम जनमानस आदि उपस्थित रहे।



## हाईकोर्ट के न्यायाधीशों ने किया योग

नैनीताल। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में अत्यधिक स्टेस से गुजरने वाले न्यायधीशों ने 21जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके योग किया। मुख्य न्यायाधीश, न्यायधीश समेत हाइकोर्ट स्टाफ ने योग के कई आसन किये। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायधीशों को भी अनिवार्य रूप से प्रतिदिन योग करना चाहिए। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर दुनियाभर में योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में अत्यधिक मानसिक और शारीरिक स्ट्रेस से गुजरने वाले न्यायधीशों ने भी मुख्य न्यायाधीश भवन के सभागार में योग किया। प्रातः आठ बजे शुरू हुए इस आयोजन में न्यायाधीश व उनके परिवार शामिल हुए। बी.डी.पाण्डे के आयुष विभाग से प्रशिक्षक शेखर भट्ट और ऋतु जोशी ने न्यायधीशों को योग कराया। उन्होंने भुजंग आसन, शवासन, कपाल भाती, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, शांति पाठ, भ्रामरी प्रयानाम कराए। ट्रेनर ने सभी को अति सुरक्षात्मक तरीकेप से आसन कराए। इस मौके पर न्यायमूर्ति मंनोज तिवारी, न्यायमूर्ति शरद शर्मा, न्यायमूर्ति आलोक कुमार, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा, रजिस्ट्रार जर्नल अनुज कुमार संघल, महाधिवक्ता एस.एन.बाबुलकर, बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभाकर जोशी आदि योग शिविर में शामिल हुए। मुख्य न्यायाध ीश विपिन संघी ने कहा कि हमारा शरीर एक वाहन की तरह है और हमारी सजगता या सचेता उसमें बैठे सवार की तरह है। इन सब चीजों को ठीक रखने के लिए योग करना पड़ेगा। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायधीशों के स्ट्रेस भरे जीवन को देखते हुए कहा कि उन्हें योग करके अपने मन को शान्ति और शरीर को फिट करना चाहिए।

## भारत विकास परिषद ने आयोजित की योगशाला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पालम सिटी में एक योगशाला आयोजित की गई। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत हल्द्वानी की योगाचार्य दीक्षा अग्रवाल द्वारा कार्यशाला में योग सिखाए गए। भारत विकास परिषद हल्द्वानी के अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत में एक राष्ट्रीय पर्व का रूप ले चुका है और पूरे भारतवर्ष में भारत विकास परिषद की




समस्त शाखाओं द्वारा योग दिवस पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में रीजनल संयुक्त सचिव भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता, प्रांतीय संयोजक प्रकाशन दीपक अग्रवाल, प्रांतीय महिला संयोजिका गीतू केसरवानी, पंकज अग्रवाल, मीनू गुप्ता, शिखा अग्रवाल, उपसचिव सौरभ अग्रवाल आदि लोगों ने प्रतिभाग किया।

## योग दिवस पर भाजपा नेताओं ने किया योगासन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अंबेडकर पार्क दमुआढूंगा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से मनाया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रताप बिष्ट, मेयर डॉक्टर जोगिंदर पाल रौतेला, मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, आर्ट ऑफ लिविंग के मुख्य शिक्षक लोकेश पांडे व भगवती पांडे, द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, हेमंत द्विवेदी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेनू अधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरमवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, महामंत्री पंकज अधिकारी, मधुकर श्रोतीय, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री प्रकाश हरबोला, हरिमोहन अरोड़ा, राजेंद्र अग्रवाल, अमित चौधरी, प्रतिभा जोशी, प्रदीप जेनोटी, मनीष पाल, देवी दयाल उपाध्याय, महेश जोशी, पूनम जोशी, विजयलक्ष्मी चौहान, भुवन जोशी, नीरज बिष्ट, संजय दुमका, विजय मनराल, शंकर कोरंगा, पनी राम, रेनू टंडन, भुवन भट्ट आदि रहे।




गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682, चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666, पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084, रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भारत की आत्मनिर्भरता

भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। न सिर्फ यह ऐतिहासिक पल है वरन यह दोनों देशों के आपसी संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के साथ नई दिशा भी देगा। प्रधानमंत्री के दौरे को कूटनीतिक लिहाज से महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। अमेरिका में खासा उत्साह है, जो अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के करीबी सहयोगियों के बयानों से जाहिर है कि तीन दिनों का यह दौरा रक्षा और औद्योगिक सहयोग की दिशा में एक नया मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस दौरे के इसलिए भी खास मायने हैं कि इसका पूरे विश्व, खास तौर पर हमारे पड़ोसी मुल्क चीन के लिए अहम संदेश है। पिछले कुछ अरसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीन का दबदबा बढ़ा है। वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लगातार अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। वह भारत के साथ सीमा विवाद में भी उलझा है।दूसरी ओर, अमेरिका को पता है कि चीन से उसकी अदावत में भारत की कितनी अहमियत है। ऐसे में चीन के वर्चस्व पर लगाम की कवायद के लिहाज से भी इस दौरे को खास माना जा रहा है। भारत इस समय पूरे विश्व में अपने जनबल को लेकर चर्चा में है। हम एक युवा देश हैं। यह देश विश्व के सबसे ताकतवर देश के साथ बराबरी में बैठ कर जब बात करेगा तो कूटनीतिक स्तर पर खास मायने सामने आएंगे। यह तय है कि दोनों देशों के बीच सहयोग से चीन पर कच्चे माल और दूसरे श्रमबल के लिए निर्भरता खत्म होगी। इस तरह से रणनीतिक तौर पर यह दौरा भारत और चीन के संबंधों के लिहाज से भी संवेदनशील साबित होगा और इस क्षेत्र में हमारी चिंता और मान्यताओं को लेकर नई तस्वीर गढ़ेगा।यह दौरा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि यह वैश्विक स्तर पर मूल्यवृद्धि, युक्ति, समझ, चिंताओं, जिनमें आतंकी चुनौतियां भी हैं ख्र को लेकर अहम भूमिका अदा करेगा।यह सच है कि इस दौरे का मूल लक्ष्य रक्षा और औद्योगिक क्षेत्र में आपसी तालमेल को मजबूत करना है। आपसी रिश्तों का जो गठबंधन है, वह वैश्विक स्तर पर आतंकवाद समेत सब क्षेत्रों को संदेश दे रहा है।यह सर्वमान्य है कि अगर दोनों देश रक्षा के क्षेत्र में किसी अहम समझौते पर पहुंचते हैं, तो उससे बड़े बदलाव की शुरुआत होगी। खास कर लड़ाकू विमानों के लिए जीई 414 जेट इंजन निर्माण को लेकर भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। रणनीतिक स्तर पर तकनीकी साझेदारी के साथ ऊर्जा के क्षेत्र में जो सहमति बनी तो पर्यावरण की दिशा में महत्त्वपूर्ण असर दिखेगा। खास बात यह है कि अमेरिका में पचास लाख से ज्यादा भारतीय रहते हैं जो दूसरी सबसे बड़ी अप्रवासी आबादी है। मोदी जब भी विदेश जाते हैं, वहां के भारतीय समुदाय से घुलमिल जाते हैं। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए भारत की एकता का जो संदेश वे देते हैं, वह मनोबल बढ़ाने वाला होता है। मोदी के लिए जब भारतीय अप्रवासियों के साथ अमेरिकी भी खड़े होते हैं तो उसका संदेश दूर तक जाता है। ऐसे में देश के लिए यह महत्त्वपूर्ण ही नहीं गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसी जानीमानी शक्तियों में शुमार हैं, जो अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करेंगे।

# डीएम ने दिये भूमि की खरीद फरोख्त का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश

हल्द्वानी। राजस्व प्राप्ति में वृद्धि व स्टैम्प चोरी पर अंकुश लगाने के सम्बंध में हल्द्वानी कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी वंदना ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार के मुख्य राजस्व का स्त्रोत स्टैम्प ड्यूटी है, इसमें किसी प्रकार की चोरी न हो यह सभी सब रजिस्टार का दायित्व है। उन्होंने समस्त सब रजिस्ट्रार को बेनामा से पूर्व भूमि के कॉर्डिनेट्स व केएमएल फाइल चेक कराने के निर्देश दिए जिससे यह सुनिश्चित हो जाए कि बेनामा के अनुसार ही भूमि की खरीद-फरोख्त की गई है, तथा स्टाम्प शुल्क में चोरी को रोका जा सके। उन्होंने प्रत्येक माह के बड़े मूल्य के लेख-पत्रों के सत्यापन हेतु अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी को निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बेनामा में गवाह सत्यापन के सम्बंध में जिलाधिकारी ने कहा की यह सुनिश्चित किया जाए कि भूमि की खरोद- फरोख्त में एक गवाह आवश्यक रूप से स्थानीय पहचान कर्ता हो जिससे बाद में फ्रॉड के कारण होने वाली समस्याओं से पहले ही बचा जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकांशत: देखा गया है कि एक खेत नम्बर से शपथ पत्र लगाकर एक ही साइज के विभिन्न बेनामा किये जाते है जो कि रेरा का उल्लंघन है। इस सम्बन्ध में सहायक महा निरीक्षक को पिछले दो वर्षों में गौलापार क्षेत्र में रेरा का शपथ पत्र लगाकर हुई रजिस्ट्री का डाटा उपलब्ध कराने व भौतिक सत्यापन एवम शपथ पत्रों की जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक महा निरीक्षक महेश द्विवेदी, सब रजिस्ट्रार रामनगर प्रताप सिंह रावत, हल्द्वानी दिनेश चौहान, नैनीताल रमा तिवारी, धारी भीम सिंह उपस्थित थे।

# डीएम से की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

हल्द्वानी। बुधवार को जज फॉर्म मुखानी थाना निवासी श्रीमती ज्योति जोशी ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से प्रॉपर्टी डीलर हरीश कुमार दास सहित दबंग लोगों द्वारा उनकी जमीन को कब्जा जाए जाने की शिकायत दर्ज कराई। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी मनीष कुमार को कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी को दिए गए जमीन पर कब्जे करने के प्रयास के शिकायती पत्र पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने तहसीलदार सहित मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता महिला श्रीमती ज्योति जोशी के आवास में दूसरे पक्ष द्वारा की जा रही कब्जे की कोशिश को नाकाम करते हुए सख्त हिदायत दी कि अगर किसी प्रकार का कोई मामला है तो कानूनी रूप से कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। उन्होंने शिकायतकर्ता की बात सुनते हुए तत्काल मौके पर शांति व्यवस्था और यथास्थिति बनाने के निर्देश दिए। जिसके पश्चात उप जिला अधिकारी ने तहसीलदार हल्द्वानी को तत्काल भूमि की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट बनाने को कहा जिसके पश्चात उस रिपोर्ट को तत्काल जिलाधिकारी के समक्ष प्रेषित भी किया गया है।

# योग प्रशिक्षक ने कराया योगासन का अभ्यास

बागेश्वर (उद संवाददाता)।9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर सरयू घाट बागनाथ मंदिरबैजनाथ धाम सहित जिलेभर में आयोजित योगाभ्यास में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ ही बडी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। योग कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: साढे छ:बजे मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष बसंती देव, जिलाधिकारी अनुराधा पाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।योग दिवस पर पंतजलि सेवा समिति के दीप चन्द्र जोशी एवं आयुर्वेद विभाग के योग प्रशिक्षक नंदन सिंह नगरकोटी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास में सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, ग्रीह चालासन, पश्चिमोतानासन, भुजंगासन, धनुरासन, शलभासन, मंडूकासन, शसकासन, पाद हस्तासन, अर्द्ध उस्टासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, ब्रजासन, मकरासन, भुजंगासन, पवन मुक्तासन, हास्यासन, चक्रासन, त्रिकोणासन, गोमुखासन सहित कलाप भांति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि प्राणायामों की क्रियायें भी करायी गयी। बतौर मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष बंसती देव ने अपने संबोधन में सभी को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बधाई देते हुए कहा कि योग ने देश व दुनिया को स्वस्थता का संदेश दिया है।जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कियोग भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परम्परा की एक पहचान है। पूरी सृष्टि को नियमबद्ध होकर कार्य करने और निश्चित क्रम में दैनिक क्रियाकलापों में मनुष्यता को हमारे ऋषि-मुनियों की यह महत्वपूर्ण देन है। उन्होंने कहा योग से संपूर्ण शरीर की दिशा एवं दशा बदलती है, साथ ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। उन्होंने कहा आदिकाल से ऋषि-मुनियों ने योग को अपनाया है, उनकी शक्ति एवं सफलता के पीछे योग एवं ध्यान है।जनपद में योगाभ्यास कार्यक्रम सरयू घाट बागनाथ मंदिर के अलावा बैजनाथ मंदिर परिसर में सैकड़ो योगसाधकों ने योग किया।साथ ही 11आयुष हैल्थ वैलनेस केंद्रों में भी आयोजित हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पुष्पा देवी,गोविन्द सिंह दानू,पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल,जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार,भाजपा जिलाध्यक्ष इन्द्र सिंह फर्स्वाण, पूर्व विधायक शेर सिंह गडिया,मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी,प्रभागीय वनाधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी व सजंय परिहार, वरिष्ठ नागरिक दलीप खेतवाल, नरेन्द्र सिंह खेतवाल,इन्द्र सिंह परिहार सहित अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत,जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी हरगिरि, मुख्य शिक्षाअधिकारी जीएस सौन,उद्यान अधिकारी आरके सिंह,खेल अधिकारी सीएस वर्मा,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.आरचन्द्रा,उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ कमल पंत, डॉ.ऐजल पटेल,जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान गणेश दत्त कांडपाल समेत अनेक अधिकारी, कर्मचारी,पंतजलि सेवा समिति के सदस्य, एनसीसी कैडेट, खिलाड़ी आम जनता मौजूद थी।कार्यक्रम का संचालन दीप जोशी द्वारा किया गया।





# गोरल चौड़ में प्रशिक्षकों ने कराया योगाभ्यास

चम्पावत(उद संवाददाता)। जनपद में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 के विषय वसुधैव कुटुंबकम हेतु योग के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद के स्थानीय गोरल चौड़ मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती ज्योति राय द्वारा किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ समिति के लोकमणि पंत द्वारा संचालन व अन्य प्रशिक्षकों द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि योग शरीर व रुमस्तिस्क दोनो को स्वस्थ रखता है, वहीं योग रुभारत की रुसभ्यता और रुसंस्कृति की पहचान भी है। योग एक शारीरिक, मानस्कि और आध्यात्मिक अभ्यास है। सभी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और साथ ही अन्य को भी प्रेरित करना चाहिए। योग दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि योग एक शारीरिकमानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है, जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ रखता है, इसीलिए प्रतिदिन नियमित रूप से योग करें। इसके साथ ही जनपद के कोलिढेक, रीठा साहिब, देवीधुरा, पूर्णागिरि समेत अन्य स्थानों में भी योगाभ्यास किया गया। वही जजशिप चम्पावत के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश श्रीमती कहकशा खान ने योग कर सभी को अपने जीवन मे योग अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अध्यक्ष नगर पालिका विजय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पुरोहित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के0 के0 अग्रवाल, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गिरेंद्र चौहान समेत जनप्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, विद्यालयी छात्र/ छात्राएं व जज शिप प्रांगण से प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेमंत सिंह राणा, जिला बार संघ के अधिवक्तागण, कर्मचारीगण व अन्य उपस्थित रहे।



# पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राधिकरण 21 जुलाई तक चलाएगा अभियान: पाठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर में 21 जून से आगामी 21 जुलाई तक एक माह के लिए मानव जाति के अस्तित्व के लिए पेड़ों का महत्व एवं वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस आशय की जानकारी देते सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर सचिन



कुमार पाठक ने बताया कि आज प्रात: मुख्यालय रुद्रपुर के समस्त न्यायिक अधिकारीगण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर परिसर में फलीय पौधों का वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने सभी से अपील की कि 21 जुलाई तक एक माह के लिए चलाये जा रहे अभियान में बढ-चढकर हिस्सा ले तथा अपनी सहभागिता से मानव जाति के अस्तित्व के लिए पेड़ों का महत्व को समझते हुये वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण आदि के संबंध में अधिक से अधिक पेड़ो का वृक्षारोपण कर उनकी उचित देखभाल करें। साथ ही साथ अपने परिवार व समाज को भी वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें।

# जिला जजी में न्यायाधीश सहित बार एसोसिएशन और कर्मियों ने किया योग

बागेश्वर( उद संवाददाता)।उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल एवं उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में अंतराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया। जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,आर के खुल्बे द्वारा दीप प्रज्वलित कर योगाभ्यास का शुभारंभ किया। योग का शुभारंभ करते हुए उन्होंने सभी योगसाधकों को नियमित योग साधना करने की अपील की, साथ ही जीवन में योग की महत्ता के बारे में बताया।योग कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुंजन सिंह,विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जज,जयेंद्र सिंह, जूनियर डिवीजन न्यायाधीश पुनीत कुमार,व ऐश्वर्या बोरा सहित



बार एसोसिएशन अध्यक्ष एड विनोद भट्ट ने कर्मियों को योग की महत्ता और शरीर को निरोगी रखने के लिए नित्य योग को जरूरी बताया।इस दौरान ,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आनन्द सिंह रावल व मोहन सिंह मेहता, प्रशासनिक अधिकारी कुंदन सिंह नेगी,मुन्नी दुग्ताल,रोशन बल्दिया,दिवाकर वर्मा, सहित सभी न्यायालय कर्मियों द्वारा योगासन किया गया। योग प्रशिक्षक गणेश दत्त पांडे द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कराये गए। तथा सभी को प्रतिदिन योग करने की अपील की।वही पुलिस लाइन में भी पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को योगासन कराया गया।

# कुमाऊं के सभी प्राचीन मंदिरों का होगा विकास: धामी

## मुख्यमंत्री ने 3381.96 लाख की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं 2077.96 लाख की विकास योजनाओं का लोकार्पण किया



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जागेश्वर में आयोजित हुए राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग कर सामूहिक योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। योग प्रशिक्षक डॉ मंजू उपाध्याय ने सभी योग साधकों को योग के विभिन्न आसन कराए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आदिकाल से ऋषि–मुनियों और आम जनमानस की आस्था का केंद्र रहा जागेश्वर धाम, देवभूमि की आध्यात्मिक यात्रा का सबसे अहम पड़ाव है इस भूमि में ऐसी शक्ति है जो सदियों से जनजन में एक नई ऊर्जा का संचार कर रही है। कहा कि योग शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक इन पांचों क्षेत्रों का समुच्चय है। उन्होंने कहा कि योग से जहां एक ओर बीमारियों पर नियंत्रण होता है, वहीं दूसरी ओर उनका समन भी होता है।उन्होंने कहा कि योग जीरो बजट हेल्थ इंश्योरेंस है। उन्होंने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री और महान योग साधक श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में योग पहुंचा है यह भारत और भारतीयों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे मंदिरों, तीर्थ स्थानों और प्राचीन सनातन संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा कि इस दिशा में हम गढ़वाल के केदारखंड की भांति ही कुमाऊं में मानसखंड कॉरिडोर् बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिसके अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के लगभग सभी प्राचीन मंदिरों का विकास किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 3381.96 लाख रुपए की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं 2077.96 लाख रुपए की योजनाओं का लोकार्पण भी कियाप्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत जनपद अल्मोड़ा में 2698 लाख की योजनाओं का शिलान्यास एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत परंपरागत जल स्रोतों के संवर्धन तथा जल संरक्षण हेतु 683.99 लाख की संरचना एवं योजनाओं का शिलान्यास किया गया प्रधानमंत्री कृषि योजना 2.0 जनपद अल्मोड़ा के अंतर्गत परंपरागत जल स्रोतों के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु 769 लाख रुपए की संरचनाओं एवं कार्यों का लोकार्पण किया गया। साथ ही महात्मा गांधी नरेगा योजना में अल्मोड़ा के अंतर्गत परंपरागत जल स्रोतों के संवर्धन तथा जल संरक्षण हेतु 1308.96 लाख रुपए की संरचना एवं कार्यों का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गयाइस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद के विभिन्न कार्यों हेतु निम्न घोषणाएं भी की जनमें जागेश्वर विधानसभा के अंतर्गत लमगड़ा में तहसील भवन का निर्माण किया जाएगा, वृद्ध जागेश्वर कोटेश्वर मोटर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य किया जाएगा, पेठशाल– भेटाडांगी बमनस्वाल मोटर मार्ग का डामरीकरण किया जाएगा, डोल शहरफाटक– भाबू बसगांव रोड की कटिंग एवं डामरीकरण का कार्य किया जाएगा, बसगांव से बिराड़ ल्वाली मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किया जाएगा, रा0 उ0 मा0 कन्या विद्यालय मन्या डूंगरा का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रघुवर दत्त जोशी के नाम पर किया जाएगा शौकियाथल से लछनाखाली होते हुए जटा गंगा तक मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगागांधी इंटर कॉलेज पनुवानौला में जीव विज्ञान सवित्त मान्यता दिए जाने की घोषणा भी मुख्यमंत्री द्वारा की गई। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने जागेश्वर स्थित भंडारा स्थल में जूना अखाड़ा के स्वामी यतीन्द्र गिरी द्वारा आयोजित भंडारे में भी प्रसाद वितरण किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद अल्मोड़ा अजय टम्टा, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, रानीखेत के विधायक प्रमोद नैनवाल, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, धर्मेंद्र बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला,प्रकाश भट्ट, मंडल अध्यक्ष हरीश प्रसाद, पूनम पालीवाल समेत अन्य कार्यकर्ता, सचिव आयुष विभाग पंकज कुमार पांडे, अपर सचिव विजय जोगदंडे, आईजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे जिलाधिकारी विनीत तोमर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु, अंशुलसिंह, सीएस मर्तोलिया, एसडीएम गोपाल सिंह चौहान समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ओवरलोडिंग पर लगायें अंकुश: पपनेजा



किच्छा(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने जारी बयान में कहा कि ओवरलोड वजन के कारण ट्रकों व डंपरो से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जा चुकी है व कई परिवारों के इकलौते चिराग तक बुझ गए हैं। पपनेजा ने इसका जिम्मेदार जिला प्रशासन व आरटीओ विभाग को ठहराते हुए कहा कि प्रशासन के अधिकारियों के सामने ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से गुजरते हैं प्रशासनिक अधिकारी उनको देख मूकदर्शक बने रहते हैं। प्रशासन की मिलीभगत से ट्रक और डंपर में रेता, बजरी व मिट्टी के ओवरलोड वजन को खुलेआम लेकर जाते हैंपपनेजा ने कहां कि नियमानुसार मिट्टी रेता के ट्रक और डंपर के ऊपर त्रिपाल डालकर चलना जरूरी है लेकिन प्रशासन की मिलीभगत होने के कारण ट्रक और डंपर त्रिपाल तक नहीं डाली जाती। त्रिपाल ना होने के कारण ट्रक और डंपर से मिट्टी उड़कर राहगीरों की आंखों में पड़ती है इससे हुई दुर्घटना में कई लोगों को जान भी गंवानी पड़ती है। पपनेजा ने कहा कि ओवरलोडिंग के कारण ग्राम बरा व बंगाली कॉलोनी की दुर्घटना इसका प्रमाण है। पपनेजा ने कहा कि जिला प्रशासन ने यदि ओवरलोड को रोकने के लिए कदम उठाए तो उन्हें जनता के साथ मिलकर आंदोलन के लिए होना पड़ेगा ।

## भजन गायक कमल किशोर का किया स्वागत



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चंडीगढ़ से पहुंचे टी टीसीरज कलाकार भजन गायक कमल किशोर कवि का बाबा भक्तों ने रूद्रपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। भजन गायक कमल किशोर यहां गांधी कालोनी में दक्षिणेश्वर श्री हनुमान मंदिर में आयोजित विराट श्री बालाजी महोत्सव में प्रस्तुति देने के लिए यहां पहुंचे थे। प्रथम बार शहर में आगमन पर बाबा भक्त मंडल ने उनका स्वागत किया स्वागत और उन्हें सम्मानित किया। कमल किशोर ने स्वागत करने वाले सभी बाबा भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रूद्रपुरवासियों का जो स्नेह और प्यार उन्हें मिला है उसे वह कभी नहीं भूल पायेंगे। स्वागत करने वालों में बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल महामंत्री साहिल आहूजा, कोषाध्यक्ष शिवम तागरा, सरपरस्त संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर आदि शामिल थे।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रखी मंदिर की नींव

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के टैगोर नगर रोड स्थित दुर्गा मंदिर का भव्य निर्माण कार्य का शुभारम्भ करते हुये बुधवार को शुभ मुहूर्त में पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर दुर्गा मां के मंदिर की नींव रखी गयी। इस दौरान जागरण भी आयोजित हुआ जिसमें भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। समाजसेवी अशोक मण्डल ने बताया कि इस दुर्गा मंदिर में लाखो श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुयी है। नवरात्रि के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय दशहरा मेले का आयोजन यहा धूमधाम से कराया जाता है, भारी संख्या में क्षेत्रीय व बाहरी भक्त अपनी अटूट आस्था के साथ मा दुर्गा के दर्शन करने आते है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताते हुये कहा की मंत्री जी के प्रयासों से आज इतना भव्य और सुंदर मंदिर का निर्माण होने जा रहा है। दुर्गा पूजा से पूर्व भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा । इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, अशोक मण्डल,संजय बाछाड,सुबीर सरकार, बाबूराम हालदार सुजीत विश्वास ,महादेव दास, नारायण दास ,चंद्रकांत साहा सहित आदि ग्रामीण मौजुद थे।



## बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। बस की टक्कर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान हुई मृत्यु के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बस चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर तंबाकू मोहल्ला थाना कोतवाली मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी सलमान पुत्र सरताज ने बताया कि बीते 13 जून को उसके पिता मोटरसाइकिल संख्या यूपी 21 सी एच/5682 पर सवार होकर काशीपुर से वापस घर की ओर लौट रहे थे इसी दौरान लगभग 2:30 बजे मुरादाबाद रोड पर डिजाइन सेंटर के समीप बस संख्या यूपी 21 ए एन/ 4941 कि चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से बस लहराते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर उसके पिता को गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया। इस दौरान पीछे मोटरसाइकिल से साथ चल रहे मोहल्ला कटोरा ताल निवासी उसके चाचा इरफान व आसिफ पुत्र अमीर अहमद ने तत्काल घायल को उठाकर समीप स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक देखते हुए जब हाथ खड़े कर दिए तो उसे तत्काल मुरादाबाद स्थित कॉसमॉस हॉस्पिटल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी बस चालक के खिलाफ धारा 304 ए आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

## पेज एक का शेष...

**आगे बढ़ने लगा मानसून..** हैं और यहां जल जमाव एक स्थाई समस्या बनकर रह गया है, क्योंकि यह जलजमाव की यह स्थिति केवल बरसात होने पर ही नहीं निर्मित होती बल्कि समुचित जल निकासी का प्रबंध ना होने के कारण यह समस्या बरसात का मौसम निकल जाने के बाद भी जस की तस बनी रहती है। रुद्रपुर शहर में कई मोहल्ले ऐसे हैं जिनमें इस खून सुखा देने वाली गर्मी में भी चौतरफा गंदा पानी जमा है और अनेक संक्रामक बीमारियों को आमंत्रण दे रहा है। जाहिर है कि इन इलाकों की यह दुर्दशा केवल और केवल जनप्रतिनिधियों के की घोर उपेक्षा का ही नतीजा है। अगर जनप्रतिनिधि जरा सी भी इच्छा शक्ति दिखाते तो इन इलाकों में जलभराव की समस्या को दूर करना कोई बेहद कठिन कार्य नहीं था। कहने की जरूरत नहीं है कि उपरोक्त जल जमाव प्रभावित इलाकों में से कुछ इलाके क्षेत्रीय पार्षदों के दुराग्रह के कारण अब तक समस्या ग्रस्त हैं और कुछ रुद्रपुर मेयर की अदूरदर्शिता के चलते। बावजूद इसके रुद्रपुर के मेयर और उनकी नगर निगम परिषद को पूरी तरह अकर्मक नहीं कहा जा सकता। क्योंकि शहर के अनेक वार्डों में कई उल्लेखनीय कार्य हुए हैं और रुद्रपुर के मेन बाजार में मेयर की इच्छाशक्ति के परिणाम स्वरूप हुए कुछ अच्छे निर्माण कार्य वर्तमान में दिखाई भी देते हैं। यह अलग बात है की 2–4 घंटों की बरसात मे ही शहर का मेन बाजार जलमग्न हो जाता है। इसकी एक बड़ी वजह है शहर में किसी व्यवस्थित ड्रेनेज सिस्टम का ना होना। रुद्रपुर शहर आबादी एवं संरचनात्मक विकास की दृष्टि से अब उस पायदान पर पहुंच गया है ,जहां रुद्रपुर के लिए एक महानगर के स्तर का ड्रेनेज सिस्टम अपरिहार्य हो गया है और यह कार्य केवल शहर के मेयर के जिम्मे नहीं छोड़ा जा सकता। इस दिशा में रुद्रपुर विधायक को भी आगे आना होगा । शहर को जलभराव की समस्या से स्थाई निजात दिलाने के लिए सरकारी स्तर पर बड़े प्रयासों की जरूरत है जोकि अब तक नहीं हो सके हैं। उत्तराखंड सरकार के निजाम में रुद्रपुर की जनता का नुमाइंदा होने के कारण स्थानीय विधायक शिव अरोरा की ओर से इस दिशा में बड़े ही कारगर एवं मजबूत प्रयासों की जरूरत थी। मगर वे बाढ़ के पानी में खड़े होकर तस्वीरें खिंचवा लेने के अलावा शहर को जलजमाव की समस्या से निजाम निजात दिलाने के लिए कोई उल्लेखनीय कार्य कम से कम अभी तक तो नहीं कर सके हैं। रही बात नगर निगम की मौजूदा तैयारियों की ? तो आने वाले मानसून के मद्देनजर नगर निगम की तैयारियां कमोबेश वैसी ही है ,जैसी हर साल रहा करती हैं। इसमें विशेष कुछ नहीं नजर आता।

**कब हरकत में आऐंगे...** बेहद संवेदनशील व्यक्ति शहर को जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में शायद कोई कोर कसर नहीं बाकी रहेगा रखेगा। मगर जलजमाव पर स्थानीय विधायक की मौजूदा की जड़ता को देखते हुए कभी–कभी तो यह है सवाल उठने लगता है कि कहीं यह सारा कुछ सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए प्रायोजित तो नहीं किया गया था। यहां पर यह बताना जरूरी होगा कि विधानसभा चुनाव जीतने के बाद रुद्रपुर विधायक ने शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन विधानसभा क्षेत्र के लोगों को दिया था। पता नहीं उन्हें अब जनता से किया गया अपना वह वादा याद है अथवा नहीं ?

**नगर निगम अपना...** है ,उन्हें रिपेयर किया जा रहा है। मेन मार्केट का सारा पानी नैनीताल रोड की ओर आता है। नैनीताल रोड के समानांतर जाने वाला नाला एनएचआई का प्रोजेक्ट है। एनएचआई जब तक इसका विधिवत निर्माण नहीं कराएगा, तब तक बाजार की जलभराव की समस्या का स्थाई निदान हो पाना मुश्किल है। इस मसले पर हम एनएचआई के संपर्क में है। ठाकुरनगर ट्रांजिट कैंप एवं खेड़ा से होकर गुजरने वाले नाले का अतिक्रमण के चलते बुरा हाल है। अतिक्रमण के कारण यह मुख्य नाला केवल 2 फुट का ही रह गया है, जबकि शहर के बाहर इस नाले की चौड़ाई लगभग 8 फुट है। जब तक इस नाले को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जाएगा तब तक इस क्षेत्र की जलभराव की समस्या का स्थाई निदान करना बहुत ही कठिन है ।

**संदिग्ध हालातों में....** बीती शाम पड़ोसी उसके घर पहुंचा तो दरवाजा बंद था। काफी प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसी ने छत की टीन हटाकर अंदर देखा जहां प्रेम बहादुर टीन शेड के पाईप पर गमछे से लटका था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर प्रेम बहादुर को फंदे से उतारा गया और 108 की मदद से अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के तीन बच्चे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**अलग अलग घटनाओं में ...** 7 वर्षीय पुत्र अंश तथा 5 वर्षीय पुत्र आयुष को रोते बिलखते छोड़ गया। इसी तरह एक अन्य मामले में अधेड़ उम्र व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पता चला है कि मूल रूप से चौखुटिया तथा हाल सैनिक कॉलोनी पशुपति विहार निवासी दयाल आर्य 45 वर्ष पेंट हार्डवेयर के कारोबार से जुड़े हैं। उसके एक पुत्र तथा एक पुत्री है। पता चला है कि रामनगर रोड पर बुधवार शाम अधेड़ उम्र व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आकर मौत के मुंह में चला गया। इसी तरह बीते मंगलवार देर रात एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल प्लंबर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। । पता चला है कि मोहल्ला पट्टी चौहान जसपुर निवासी मोहम्मद तसलीम अहमद 30 वर्ष पुत्र मोहम्मद यूसुफ मोहल्ले के ही मोहम्मद फैसल नामक युवक के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बीते मंगलवार को आवश्यक कार्य बस ठाकुरद्वारा की ओर जा रहा था इस दौरान मार्ग में वैगनआर कार संख्या एचआर 26 सीजी/1582 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर बाइक चालक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में युवक को उपचार के लिए नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात उसने जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए दम तोड़ दिया। मृतक अविवाहित था। 4 भाई एक बहन में वह सबसे छोटा था। एक्सीडेंट की घटना में मृतक का दोस्त फैशल घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने तीनों ही मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**लाखों की स्मैक...** बेनीराम, थाना भोजीपुरा जिला बरेली बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 59.20 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हूई। जिसकी कीमत पुलिस ने करीब 5.92 लाख रूपये बताई है। टीम में उनि दिनेश सिंह परिहार, प्रभारी चौकी धारानोला, कोतवाली अल्मोड़ा, एसओजी व एएनटीएफ के कानि. भूपेन्द्र पाल, मनमोहन सिंह, विरेन्द्र सिंह बिष्ट व राकेश भट्ट शामिल थे।

**शार्ट सर्किट से...** फायर कर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर अग्निकांड की बड़ी घटना को होने से रोक लिया वरना आग यदि आस पास के घरों को चपेट में लेती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

**संघ के नेता नरेंद्र की...** किया। उनके साथ पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा, मेयर रुद्रपुर रामपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल उपस्थित थे। विवाह समारोह में सीएम धामी के अलावा कई अन्य वीआईपी पहुंचे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

CONSTRUCTING HAPPINESS

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

काशी गार्डन

आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000